# घर पर संख्याओं की समझबूझ को अधिक मजबूत करना
# एक-से-एक की समानता

विक्टोरियाई गणित ऐम्बैसडरों , Pat और Em, और Aintree प्राईमरी स्कूलके साथ एक-से-एक की समानता के वीडियो देखने के लिए आपका धन्यवाद: घर पर गणित और न्यूमरेसी (अंक-ज्ञान)।

निम्नलिखित सुझाव और जानकारी से घर पर अपने बच्चे की संख्या संबंधी समझबूझ को अधिक मजबूत बनाने के लिए वीडियो में दी गई सलाह का अभ्यास करने में आपको सहायता मिलेगी।

## एक-से-एक की समानता क्या होती है?

**एक-से-एक की समानता** का अर्थ गिनती करते समय किसी एक संख्या को किसी एक वस्तु से मिलाना है। जैसे कि, इशारा करते हुए किसी तस्वीर में लोगों की गिनती करना और एक बार में एक व्यक्ति को गिनना, '1…2…3, कुल 3लोग हैं'।

घर पर इस कौशल का **अभ्यास करने** से आपके बच्चे को यह समझने में मदद मिलेगी कि बोली गई अंतिम संख्या उस समूह में वस्तुओं की कुल संख्या है।

## सुझाव

एक-से-एक की समानता के प्रति अपने बच्चे की समझबूझ विकसित करने में मदद करने के कुछ आसान और मनोरंजक तरीके यहाँ दिए गए हैं।

### घर पर

#### डिनर करते समय

खाने के लिए मेज सजाते समय, यह फैसला करें कि कितनी सीटों पर प्लेटें आदि रखनी हैं। प्लेटें आदि रखते समय मिलकर हर वस्तु को छुएँ और गिनें ताकि यह सुनिश्चित हो कि हर किसी के लिए पर्याप्त प्लेटें आदि हैं। कुल संख्या को दोहराएँ।

#### खिलौने आदि उठाकर रखने

जब आप खिलौने आदि उठाकर व्यवस्थित कर रहे हों, तो इन्हें अपने जगह रखते समय मिलकर हर खिलौने की गिनती करें।


#### किसी पृष्ठ से गिनना

किसी किताब के पृष्ठ पर वस्तुएँ गिनें, जैसे-जैसे आपका बच्चा गिनती करे, हर वस्तु पर इशारा करें।

### सुपरमार्केट में

#### बड़ी दुकान

एक-जैसी वस्तुओं (जैसे कि सेबों) को ट्राली में रखते समय एक-एक करके गिनें। जब आप गिनती पूरी कर लें, तो पूछें, 'हमारे पास कुल कितने सेब हैं?' यदि आपका बच्चा फिर से शुरू से गिनती करने लग जाए, तो उसे गिनती पूरी करने और कुल संख्या को दोहराने दें, 'बिल्कुल ठीक, कुल 5 सेब हैं'।




रोज़मर्रा का गणित - शॉपिंग। इनके द्वारा CC: © विक्टोरिया राज्य (शिक्षा विभाग)

### चेकआउट करते समय खेले जाने वाले खेल

यह फैसला करने के लिए कि कौन से चेकआउट में सबसे छोटी कतार है, अपने बच्चे को हर चेकआउट में लोगों की संख्या गिनने को कहें।

### बैग में कितनी वस्तुएँ हैं?

शॉपिंग बैग में से सामान निकालते समय, अपने बच्चे को हर वस्तु को गिनने के लिए कहें जबकि उन्हें अपने स्थान पर रखा जा रहा हो।

## पार्क में

### प्राकृतिक संख्याएँ


पार्क में किसी पेड़ के नीचे बैठकर, अपने बच्चे से ज़मीन पर दिखाई दे रहे पत्ते गिनने के लिए कहें। एक बार में एक पत्ता उठाएँ, 10 तक गिनते हुए, और फिर दोबारा शुरू करें। जब आपका बच्चा बिना कोई संख्या छोड़े यह गिनती करने लग जाए, तो पूरे 20 तक गिनने का अभ्यास करें।

### प्लेग्राउंड्स में गिनती

प्लेग्राउंड उपकरण के समान भागों की गिनती करें। जैसे कि, स्लाइड के ऊपर तक जाने के लिए सीढ़ियों की संख्या, या मंकी बार में कितने डंडे हैं।

### देखना और प्रयोग करना

Mathscots – Puppy jump photos देखकर जानें कि उन्होंने कितनी दूर छलाँग लगाई है, यह पता लगाने के लिए Mathscots मार्करों का प्रयोग करते हैं।




Mathscots – Puppy jump photos. इनके द्वारा CC: © विक्टोरिया राज्य (शिक्षा विभाग)

फिर आप फुटपाथ पर चॉक से या यहाँ तक कि पार्क में पत्तों से बराबर जगहें मार्क करने की कोशिश कर सकते हैं। फिर अपने बच्चे के साथ यह गिनती करें कि आपके परिवार में हर कोई कितने स्थानों तक छलाँग लगा सकता है।

## अधिक जानकारी

इस सीरिज़ में दूसरे वीडियो और सुझाव पत्रक एक्सेस करने और साथ ही अधिक सुझावों, माता-पिता तथा देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी तथा लिंक्स के लिए, यह देखें: घर पर गणित और न्यूमरेसी (अंक-ज्ञान)।

विक्टोरियाई गणित ऐम्बैसडरों (Victorian Mathematics Ambassadors) के बारे में अधिक जानकारी के लिए, देखें: विक्टोरियाई गणित ऐम्बैसडर्स (Victorian Mathematics Ambassadors)।

अपने बच्चे की शिक्षा का समर्थन करने के लिए अधिक जानकारी के लिए, यह देखें: अपने बच्चे की शिक्षा का समर्थन करना | vic.gov.au.

# घर पर संख्याओं की समझबूझ को अधिक मजबूत करना: सबिटाइजिंग

विक्टोरियाई गणित ऐम्बैसडरों , Pat और Em, और Tootgarook प्राईमरी स्कूल के साथ सबिटाइजिंग वीडियो देखने के लिए आपका धन्यवाद: घर पर गणित और न्यूमरेसी (अंक-ज्ञान)।

निम्नलिखित सुझाव और जानकारी से घर पर अपने बच्चे की संख्या संबंधी समझबूझ को अधिक मजबूत बनाने के लिए वीडियो में दी गई सलाह का अभ्यास करने में आपको सहायता मिलेगी।

## सबिटाइजिंग क्या होता है?

**सबिटाइजिंग** एक ऐसी क्षमता का होना है जिसमें बिना गिने, यह देखा जाए कि एक छोटे समूह में कितनी वस्तुएँ हैं। जैसे कि, बिने गिने यह जानना कि किसी व्यक्ति ने 3 अंगुलियाँ उठाई हुई हैं।

घर पर इस कौशल का **अभ्यास करने** से आपके बच्चे को गिनती करने की आवश्यकता के बिना जल्दी से छोटे समूहों की पहचान करने में मदद मिलेगी। सबिटाइजिंग विधि आम-तौर पर छोटी संख्याओं के साथ सबसे अच्छे से काम करती है – अधिकतम5, और कभी-कभी अधिकतम 10.

## सुझाव

सबिटाइजिंग के प्रति अपने बच्चे की समझबूझ विकसित करने में मदद करने के कुछ आसान और मनोरंजक तरीके यहाँ दिए गए हैं। अपने बच्चे को पहले सबिटाइज करने, और फिर गिनती करके जांच करने का बढ़ावा दें।

### घर पर

#### डाइस (पासे) से जुड़े खेल

डाइस (पासा) फेंके और अपने बच्चे को जितनी जल्दी संभव हो, डॉट्स की संख्या बताने को कहें। फिर जांच करने के लिए मिलकर गिनती करें। फिर से डाइस (पासा) फेंके

#### कितनी अंगुलियाँ हैं?

सैर करते समय, 1-2 सेकेंड्स के लिए, 1-5 (या अधिकतम 10) अंगुलियाँ ऊपर की ओर उठाएँ, और अपने बच्चे से पूछें कि उसे कितनी अंगुलियाँ दिखाई दे रही हैं।

#### स्नैक पीक

अपने बच्चे के देखे बिना एक प्लेट पर स्नैक भोजन के अधिकतम 5 प्रकार रखें (जैसे कि अंगूर, बिस्कुट आदि) अपने बच्चे को थोड़ी देर इसे देखने दें, और फिर इसे ढक दें। पूछें 'तुम्हें कितने स्नैक दिखाई दिए?' जितने स्नैक थे, उन्हें सामने ला दें और जांच करने के लिए मिलकर गिनें।

#### प्लेट के पैटर्न

एक प्लेट पर परिचित पैटर्न का प्रयोग करते हुए अधिकतम 10 वस्तुएँ रखें। जैसे कि 8 बटनों को 4के 2 समूहों में रखा जा सकता है जो कि सामान्य डाइस (पासे) पर दिखाई जाने वाले पैटर्न का प्रयोग करते हों। अपने बच्चे को 3 सेकेंड इसे देखने दें, और फिर इसे

ढक दें। पूछें 'तुम्हें कितने दिखाई दिए?', या 'कुल मिलकार कितने थे?' वस्तुओं को फिर से दिखाएँ और जांच करने के लिए मिलकर गिनें।

### गायब अंडे

अंडों का प्रयोग करते समय, अपने बच्चे को अंडों की ट्रे दिखाएँ और उन्हें बिना गिनती किए यह देखने के लिए 2 सेकेंड का समय दें कि कितने अंडे बचे हैं। उनसे पूछें. 'कितने अंडे बचे हैं' या कितने प्रयोग किए जा चुके हैं?'

## सुपरमार्केट में

### केले के गुच्छे

कुछ सेकेंड के लिए केले का गुच्छा पकड़ें और गिनती करने से पहले अपने बच्चे से पूछें कि कितने केले हैं। बाद में यह जांच करने के लिए मिलकर गिनती करें कि क्या उनका अनुमान ठीक था।

### दही के टब

अपने बच्चे को जल्दी से दही के टब दिखाएँ। क्या यह 2, 4, 6 या 12 दही का पैक है? उनसे पूछें, 'क्या यह हमारे परिवार में सबके लिए पर्याप्त होंगे?'

## पार्क में

### यह मुट्ठी भर है

अपनी मुट्ठी में अधिकतम 5 छोटी वस्तुएँ (जैसे कि पत्थर) छिपाएँ। बस 1-2 सेकेंड के लिए अपनी मुट्ठी खोलें और फिर बंद कर दें। पूछें 'तुम्हें कितने पत्थर दिखाई दिए?' अपनी मुट्ठी खोलें और जांच करने के लिए मिलकर गिनें।



CC के अधीन इनके द्वारा लाइसेंस-प्राप्त: © iStock.com/Arjini

### नॉक देम डाउन स्किटल्स

Everyday maths - around the house देखकर यह जानें कि प्लास्टिक की खाली बोतलों का प्रयोग करने स्किटल्स गेम कैसे सेट अप करनी है। अपना खुद का स्किटल्स गेम खेलें और अपने बच्चे को यह बताने के लिए कहें कि राउंड के बाद कितनी बोतलें गिरी हुई नहीं हैं। वे अपनी अंगुलियों से भी संख्या बता सकते हैं।

## अधिक जानकारी

इस सीरिज़ में दूसरे वीडियो और सुझाव पत्रक एक्सेस करने और साथ ही अधिक सुझावों, माता-पिता तथा देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी तथा लिंक्स के लिए, यह देखें: घर पर गणित और न्यूमरेसी (अंक-ज्ञान)।

विक्टोरियाई गणित ऐम्बैसडरों (Victorian Mathematics Ambassadors) के बारे में अधिक जानकारी के लिए, देखें: विक्टोरियाई गणित ऐम्बैसडर्स (Victorian Mathematics Ambassadors)।

अपने बच्चे की शिक्षा का समर्थन करने के लिए अधिक जानकारी के लिए, यह देखें: अपने बच्चे की शिक्षा का समर्थन करना | vic.gov.au.

# घर पर संख्याओं की समझबूझ को अधिक मजबूत करना: विभाजन (भाग-भाग-संपूर्ण)

विक्टोरियाई गणित ऐम्बैसडरों (Victorian Mathematics Ambassadors) , Pat और Em, और Warringa पार्क स्कूल के साथ विभाजन वीडियो देखने के लिए आपका धन्यवाद: घर पर गणित और न्यूमरेसी (अंक-ज्ञान)।

निम्नलिखित सुझाव और जानकारी से घर पर अपने बच्चे की संख्या संबंधी समझबूझ को अधिक मजबूत बनाने के लिए वीडियो में दी गई सलाह का अभ्यास करने में आपको सहायता मिलेगी।

## विभाजन क्या होता है?

**विभागजन** संपूर्ण संख्या को भागों में बांटना है, जैसे कि 7, को अलग-अलग भागों में, जैसे कि 3और 4. इस 'संपूर्ण' संख्या को 2भागों में बांटने को भाग-भाग-संपूर्ण कहते हैं।

एक और उदाहरण 'संपूर्ण' संख्या 9 को  6 और 3 के 2 'भागों' में बांटना है। इस उदाहरण में संख्या 9 को 4 और 5, या 2 और 7 या 1 और 8 के भागों में भी बांटा जा सकता है।

घर पर इस कौशल का **अभ्यास करने** से आपके बच्चे को यह समझने में मदद मिलेगी कि किसी भी संख्या को अलग-अलग भागों में बांटा जा सकता है, जिससे आगे चलकर जोड़ और घटाव को सीखने में मदद मिलती है।

## सुझाव

विभाजन के प्रति अपने बच्चे की समझबूझ विकसित करने में मदद करने के कुछ आसान और मनोरंजक तरीके यहाँ दिए गए हैं।

### घर पर

#### खिलौनों को क्रमबद्ध करना

अपने बच्चे को पसंदीदा खिलौनों के संग्रहण को गिनें, जैसे कि कंस्ट्रक्शन ब्लॉक्स। यह कुल जोड़ संपूर्ण संख्या है।

अपने बच्चे को इन्हें 2 समूहों (भागों) में पुन:व्यवस्थित करने और आपको यह बताने के लिए कहें कि प्रत्येक भाग में कितने ब्लॉक्स हैं।

दोनों भागों को एक समूह में साथ लाएँ और फिर किसी विभिन्न तरीके से 2 भागों में अलग-अलग करें। उनसे पूछें, 'खिलौनों को कितने तरीकों से 2 भागों में वर्गीकृत किया जा सकता है?'


#### पंखुड़ी के भाग

9 पंखुडियों वाला एक फूल बनाएँ। अपने बच्चे को पंखुडियाँ (संपूर्ण) गिनने के लिए कहें।

अपने बच्चे को 2 अलग-अलग रंगों का प्रयोग करके फूल की पंखुडियों में रंग भरने के लिए कहें; जैसे कि, 4लाल पंखुडियाँ और 5 नीली पंखुडियाँ।

9 पंखुडियों वाला एक दूसरा फूल बनाएँ। अपने बच्चे को वही 2 रंगों का प्रयोग करके पंखुडियों में रंग भरने का अलग तरीका दिखाने के लिए कहें।

यदि आपको पसंद हो तो आप 9 पंखुडियों वाले और अधिक फूल बना सकते हैं और यह पता लगा सकते हैं कि आपका बच्चा 2 रंगों का प्रयोग करके कितने अन्य तरीकों से 9 को 2 भागों में बांट सकता है।
आप ऐसे फूलों के साथ भी यह गतिविधि कर सकते हैं जिनकी पंखुडियों की संख्या अलग है।



CC के अधीन इनके द्वारा लाइसेंस-प्राप्त: © iStock.com/Feri Ferdinan

## सुपरमार्केट में

### संतरे और सेब

अपने बच्चे के पसंदीदा फलों (जैसे कि सेब और संतरे) के 7 टुकड़े उठाएँ।

अपने बच्चे को यह बताने के लिए कहें कि कुल कितने फल थे (संपूर्ण), और साथ ही फल (फलों) के प्रत्येक प्रकार की कितनी संख्याएँ (भाग) हैं; जैसे कि 3 संतरे और 4 सेब। इस बारे में बात करें कि फल के प्रकार के कितने अन्य संयोजन मिलकर 7 बनाएँगे।

### दो पैकेट

ब्रेड रोल्स के 2 पैकेट चुनें और अपने बच्चे को रोल्स की संख्याएँ (संपूर्ण) गिनने के लिए कहें। प्रत्येक पैकेट (भाग) में कितने हैं?

## पार्क में

### चाक एंड टॉक

फुटपाथ पर एक संख्या (संपूर्ण) लिखने के लिए चाक का प्रयोग करें।

अपने बच्चे को संख्या के नीचे किसी पसंदीदा आकार की संख्या लिखने के लिए कहें। उनसे 2 भाग बनाने के लिए संपूर्ण संख्या से छोटी संख्या पर गोले का निशान बनाने के लिए कहें; जैसे कि, 6 तरह के आकार बनाएँ और 4 आकारों पर गोले का निशान लगाएँ, और दूसरे भाग के तौर पर 2 आकारों को ऐसे ही छोड़ दें।

### प्राकृतिक संख्याएँ

पार्क से कुछ लकड़ियां, पत्ते या पत्थर इकट्ठा करें। अपने बच्चे के साथ संपूर्ण संख्या गिनें और उन्हें इनको 2 भागों में क्रमबद्ध करने के लिए कहें।  इन्हें गिनें और किसी विभिन्न तरीके से अलग करने के लिए इन्हें साथ लाएँ।



CC के अधीन इनके द्वारा लाइसेंस-प्राप्त: © iStock.com/Lyubov Smirnova

### भागों में छलाँग लगाना

अपने बच्चे को 2 भागों में 10 छलाँगें लगाने के लिए कहें। हो सकता है कि वे पहले भाग के लिए जल्दी से 4 छलाँगें लगाएँ, रूकें, और फिर दूसरे भाग के लिए जल्दी से और 6 छलाँगें लगाएँ। पूछें कि, 'प्रत्येक भाग में कितनी छलाँगें थी' या क्या कोई और तरीका है जिससे वे 2 भागों में छलाँग लगा सकते हैं।

## अधिक जानकारी

इस सीरिज़ में दूसरे वीडियो और सुझाव पत्रक एक्सेस करने और साथ ही अधिक सुझावों, माता-पिता तथा देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी तथा लिंक्स के लिए, यह देखें: घर पर गणित और न्यूमरेसी (अंक-ज्ञान)।

विक्टोरियाई गणित ऐम्बैसडरों (Victorian Mathematics Ambassadors) के बारे में अधिक जानकारी के लिए, देखें: विक्टोरियाई गणित ऐम्बैसडर्स (Victorian Mathematics Ambassadors)।

अपने बच्चे की शिक्षा का समर्थन करने के लिए अधिक जानकारी के लिए, यह देखें: अपने बच्चे की शिक्षा का समर्थन करना | vic.gov.au.

# घर पर संख्याओं की समझबूझ को अधिक मजबूत करना: टीन नम्बर्स (संख्याएँ ग्यारह से उन्नीस)

विक्टोरियाई गणित ऐम्बैसडरों (Victorian Mathematics Ambassadors) , Pat और Em, और St Thomas the Apostle Catholic प्राईमरी स्कूल के साथ टीन नम्बर्स वीडियो देखने के लिए आपका धन्यवाद: घर पर गणित और न्यूमरेसी (अंक-ज्ञान)।

निम्नलिखित सुझाव और जानकारी से घर पर अपने बच्चे की संख्या संबंधी समझबूझ को अधिक मजबूत बनाने के लिए वीडियो में दी गई सलाह का अभ्यास करने में आपको सहायता मिलेगी।

## टीन नम्बर्स क्या होते हैं?

**टीन नम्बर्स** 11-19 के बीच की संख्याएँ होती हैं। इन संख्याओं को सीखना कठिन हो सकता है क्योंकि ये 1-10 से अलग होती हैं और 20 तथा इससे अधिक की संख्याओं के लिए समान नाम संबंधी पैटर्न का अनुपालन नहीं करती हैं।

टीन नम्बर्स को सीखना और 20 तक गिनती कर पाना आपके बच्चे के सीखने के लिए एक महत्वपूर्ण कौशल है। आप अपने बच्चे को 20 तक सीधी और उल्टी गिनती करने के लिए बढ़ावा देकर उसे टीन नम्बर्स के साथ आश्वस्त महसूस करने में समर्थन दे सकते हैं।

जैसा कि वीडियो में दिखाया गया है, आप और आपका बच्चा टीन नम्बर्स का वर्णन करने के लिए प्राम्पट ‘10 तथा कुछ और का प्रयोग कर सकता है।

घर पर इस कौशल का **अभ्यास करने** से आपका बच्चा 20 तक गिनती करने में विश्वसत महसूस करेगा।

## सुझाव

टीन नम्बर्स के प्रति अपने बच्चे की समझबूझ विकसित करने में मदद करने के कुछ आसान और मनोरंजक तरीके यहाँ दिए गए हैं।

### घर पर

#### अपने अंडे गिनना

अंडे बनाते समय, अंडों की ट्रे लें और मिलकर अंडों की संख्या गिनें। 2 अंडे मेज पर रखें और ट्रे में बचे हुए अंडे गिनें, यह दर्शाते हुए कि 10 और 2 12होते हैं।

#### ब्लॉक टावर

11-19 ब्लॉक्स का प्रयोग करके अलग-अलग ऊँचाईयों के ब्लॉक टावर बनाएँ। जल्दी से पहले 10 ब्लॉक बनाएँ और फिर इसमें कुछ और ब्लॉक जोड़ें। टीन नम्बर्स गिनने का और अभ्यास करने के लिए, अंत में प्रत्येक टावर में ब्लॉक्स की संख्या फिर से गिनें।

अपने बच्चे से पूछें कि संख्या 10 से कितनी अधिक है। जैसे कि, '10 में क्या जोड़ा जाए तो 15 बनता है?'

यदि आपके बच्चे को जवाब पक्का पता नहीं है, तो मिलकर 10 तक गिनें, रूकें और फिर कहें '10 और 1, 2, 3, 4, 5 और’ क्या जोड़कर 15 बनता है, गिनती करते समय 10 से बड़े हर ब्लॉक की ओर इशारा करते हुए ऐसा करें।



CC के अधीन इनके द्वारा लाइसेंस-प्राप्त: © iStock.com/Zeljkosantrac

### यह मुट्ठी भर है

मुट्ठी भर स्वास्थ्य के लिए हितकर स्नैक लें जैसे कि सुल्ताना। गिनें कि ये कितने हैं। उनसे पूछें, 'क्या यह संख्या टीन नम्बर है?' स्नैक को टीन नम्बर बनाने के लिए इनमें और सुल्ताना जोड़ें या निकाल दें। अपने बच्चे को यह बताने के लिए कहें कि कुल संख्या 10 से कितनी अधिक है; जैसे कि 10 में  3 और जोड़ें तो 13 बनते हैं।

### क्या गायब है?

कागज़ के टुकड़ों पर 11-19 नंबर लिखें और उन्हें क्रमबद्ध करें। जब आपका बच्चा देख न रहा हो, तो एक नम्बर हटा दें और क्रम में दूरी को हटा दें। उन्हें आपको बताने के लिए कहें कि कौन सा नम्बर गायब है। नम्बर वापस रखें और बारी-बारी करके गायब नम्बर का पता लगाएँ। अपने बच्चे को गायब नम्बर के बारे में इस तरह बताने के लिए कहें, ‘10 तथा कितने और?'

## सुपरमार्केट में

### गलियारों पर ध्यान

बड़े सुपरमार्केट के गलियारों को देखें। अपने बच्चे को आपको बताने के लिए कहें कि कौन से गलियारे में टीन नम्बर्स हैं। अगला गलियारा कौन सा होगा? अपने बच्चे को आपको टीन गलियारे में ले जाने और यह बताने दें कि गलियारे में क्या है।

### संख्या की खोज

अपने बच्चे को सुपरमॉर्केट में टीन नम्बरों को देखने दें। हो सकता है कि उन्हें टीन नम्बर्स प्राइस टैग्स, बारकोड्स या संकेत-चिन्हों पर दिखाई दें। क्या वे 10 टीन नम्बर्स खोज सकते हैं?

### चेकआउट करते समय खेले जाने वाले खेल

जैसे-जैसे हर वस्तु ट्राली या बास्केट से बाहर निकाली जाए, अपने बच्चे को हर वस्तु गिनने के लिए कहें। जब वे किसी टीन नम्बर तक पहुँच जाएँ तो उन्हें अगले नम्बर का वर्णन इस तरह करने के लिए कहें, '10 और कितने और; जैसे कि, '10 में 1 और जोड़ा जाए तो 11 होते हैं'।

## पार्क में

### टीन नम्बर हॉपस्कॉच

1-10 की बजाए 11-20 नम्बरों के साथ हॉपस्कॉच खेलें। 20 को शामिल करना आपके बच्चे को यह जानने में मदद करता है कि टीन नम्बरों के आगे कौन सी संख्या आती है। उनसे कहें कि वे कोर्स से हॉप करते हुए निकलने से पहले उस नंबर को बोलें जिस पर पत्थर गिरता है, और हर नंबर को गिनें।



CC के अधीन इनके द्वारा लाइसेंस-प्राप्त: © iStock.com/Hendri

### आउटडोर गिनतियाँ

अपने बच्चे से पार्क में ऐसी चीजें ढूंढने को कहें जिन्हें गिना जा सके (बाड़ की रेलिंग, पेड़)। उन्हें बताएँ कि लक्ष्य कुछ ऐसी चीज़ का पता लगाना है जिसकी कुल संख्या एक टीन नम्बर हो।

### लकड़ियाँ और पत्थर

लकड़ियों और पत्थरों जैसी प्राकृतिक चीज़ें इकट्ठा करें। टीन नम्बर बनाने के लिए इनका प्रयोग करें, जैसे कि 10 लकड़ियों और 4 पत्थरों से 14 बनाएँ। अपने बच्चे से पूछें कि, 'कुल संख्या 10 से कितनी अधिक है?'

एक और टीन नम्बर बनाने के लिए और अधिक वस्तुएँ इकट्ठा करें।

# अधिक जानकारी

इस सीरिज़ में दूसरे वीडियो और सुझाव पत्रक एक्सेस करने और साथ ही अधिक सुझावों, माता-पिता तथा देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी तथा लिंक्स के लिए, यह देखें: घर पर गणित और न्यूमरेसी (अंक-ज्ञान)।

विक्टोरियाई गणित ऐम्बैसडरों (Victorian Mathematics Ambassadors) के बारे में अधिक जानकारी के लिए, देखें: विक्टोरियाई गणित ऐम्बैसडर्स (Victorian Mathematics Ambassadors)।

अपने बच्चे की शिक्षा का समर्थन करने के लिए अधिक जानकारी के लिए, यह देखें: अपने बच्चे की शिक्षा का समर्थन करना | vic.gov.au.

Department
of Education

© विक्टोरिया राज्य (शिक्षा विभाग) 2025

[घर पर संख्याओं से संबंधित समझबूझ का समर्थन करना - माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए सलाह] को क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन 4.0 इंटरनेशनल लाइसेंस के अधीन प्रदान किया जाता है। आपको उस लाइसेंस के तहत काम का दोबारा प्रयोग करने की स्वतंत्रता है, इस शर्त पर कि आप विक्टोरिया राज्य (शिक्षा विभाग) को श्रेय दें, बताएं कि क्या बदलाव किए गए थे और लाइसेंस की दूसरी शर्तों का पालन करें, यह देखें: क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन 4.0 इंटरनेशनल

लाइसेंस इनपर लागू नहीं है:

- सरकारी लोगो और DE लोगो; और
- तृतीय पक्षों द्वारा आपूर्ति की गई सामग्री।

विक्टोरियाई कॉपीराइट सहित कोई भी तस्वीरें, फोटोग्राफ्स, ट्रेडमार्क या ब्रांडिंग। पूछताछ के लिए copyright@education.vic.gov.au पर ई-मेल भेजें।